
हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024
[ बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट ]


## खरीदी के शुभ दिन




# SHOP & WIN
## JEETO DHAN DHANA DHAN




प्रत्येक
₹ 9000
की खरीदी पर पायें एक
लक्की कुपन और अनेक उपहार

वार्षिक उपहार उत्सव के साथ साथ
प्रत्येक 2 माह में भी पाईये
आकर्षक उपहार

### Double Gold Rate Protection

**ADVANCE BOOKING**

त्यौहारों की भीड़ से पहले अपनी पसंद के आभूषण आज के भाव से बुक करायें। यदि त्यौहारों में भाव बढ़ते हैं तो भी फायदा आपका। और यदि भाव कम होते हैं तो कम भाव में आपको भुगतान करना होगा। अभी से दीपावली तक कभी भी शुभ मुहूर्त में ले जायें अपने मनचाहे आभूषण।

| बंपर ड्रॉ | | |
|---|---|---|
| 1st | टाटा टिआगो | 1 no |
| 2nd | होण्डा एक्टिवा | 1 no |
| 3rd | रेफ्रिजरेटर | 3 nos |
| 4th | पार्टी स्पीकर | 5 nos |
| 5th | एयरफ्रायर | 10 nos |
| 6th | ईयर बड्स | 25 nos |

| प्रत्येक 2 माह के ड्रॉ | | |
|---|---|---|
| 1st | होण्डा एक्टिवा | 1 no |
| 2nd | आई फोन | 1 no |
| 3rd | रेफ्रिजरेटर | 1 no |
| 4th | पार्टी स्पीकर | 5 nos |
| 5th | एयरफ्रायर | 10 nos |
| 6th | ईयर बड्स | 25 nos |





# सहेली ज्वेलर्स

हमारी शाखाएं
- भिलाई : सिविक सेंटर फोन : 9111177553
- दुर्ग : गाँधी चौक फोन : 9111177550
- रिसाली : बी.एस.पी मार्केट फोन : 9111177558

100% EXCHANGE VALUE OF OLD GOLD | 100% CERTIFIED DIAMONDS | 100% HALLMARK GOLD

All 7 Days Open | Parking Available

TEAM CREATIVE ADVERTISERS

T&C apply*

## खबर संक्षेप

### सीएम साय ने दुर्गाष्टमी और महानवमी की दी बधाई



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को दुर्गाष्टमी और महानवमी की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर श्री साय ने मां दुर्गा से प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की है। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा है कि शक्ति की उपासना का महापर्व नवरात्रि पूरे देश में नौ दिनों तक भक्तिभाव से मनाया जाता है। इस दौरान देवी के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के आठवें दिन माता शक्ति के आठवें स्वरूप माता महागौरी और नवमी पर देवी सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा-अर्चना की जाती है।

### सीएम ने अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस की दी बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सभी बेटियों को बधाई और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा है कि बालिकाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने, उन्हें सशक्त करने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए हर साल 11 अक्तूबर को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह दिन दुनियाभर में बालिकाओं के सामने आने वाली समस्याओं एवं उसके समाधान के प्रति जागरूकता को बढ़ाने का दिन है। इस साल अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का विषय 'भविष्य के लिए बालिकाओं का दृष्टिकोण' है। श्री साय ने कहा कि बेटियां देश-प्रदेश, समाज और परिवार का गौरव होती हैं।

### आईपीए की बैठक में शामिल हुए लंदन के फार्मासिस्ट

**रायपुर।** इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन की बैठक में लंदन के फार्मासिस्ट शामिल हुए। बैठक में भारत में फार्मेसी शिक्षा का स्तर सुधारने की आवश्यकता जताई गई। प्रदेश अध्यक्ष डॉ विनोद वर्मा की अध्यक्षता में रखी गई बैठक में सचिव राहुल वर्मा ने लंदन से आए फार्मासिस्ट भूपेन्द्र कौशिक को संगठन की गतिविधियों से अवगत कराया। आईपीए छत्तीसगढ़ का वार्षिक कार्यक्रम "फार्मासिस्ट कॉन्फ्रेंस 2024" के आयोजन को लेकर पदाधिकारियों की चर्चा हुई।

### जल आवर्धन योजना की समीक्षा, दिसंबर तक क्लोजर रिपोर्ट बनाने अल्टीमेटम

रायपुर। बिरगांव निगम में 104 करोड़ की जल आवर्धन योजना अभी तक पूरी नहीं हुई है। जिस प्रोजेक्ट को मार्च 2023 में पूरा करना था, वह दो बार समय बढ़ाने के बाद भी अधूरा है। प्रोजेक्ट में विलंब को देखते हुए गुरुवार को महापौर नंदलाल देवांगन ने समीक्षा बैठक की। इसमें निर्माण एजेंसी को दिसंबर तक बचे हुए काम को पूरा करने के साथ ही अब क्लोजर रिपोर्ट बनाने के लिए अधिकारियों को भी निर्देश दिया है। जल प्रदाय विभाग के अध्यक्ष इकराम अहमद ने बताया की 10 अक्टूबर को महापौर नंदलाल देवांगन ने खारून नदी से विद्यमान जल आवर्धन योजना के उन्नयन के लिए हो रहे कार्यों की प्रगति का अवलोकन करने के बाद समीक्षा की। इंटेकवेल, फिल्टर प्लांट,प्रस्तावित पानी टंकियों के साथ ही पाइप लाइन विस्तार का स्थल निरीक्षण किया। साथ ही वार्ड 16,17,18 व 23,24,25, 26 एवं वार्ड क्रमांक 38 में हो रही पानी की समस्या के बारे में जल प्रदाय प्रभारी डीएल से अपडेट लिया।

### विधायक साहू ने किया भूमिपूजन

**रायपुर।** रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने रानी लक्ष्मीबाई वार्ड में अधोसंरचना मद के अंतर्गत 8 स्थानों पर विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस मौके पर 82 लाख रुपए से अधिक के नए विकास कार्यो का पार्षद विश्वदिनी पांडे सहित जोन कमिश्नर जसदेव सिंह बाबरा, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सहित गणमान्यजनों की उपस्थिति रही। वीवी विहार गली नंबर-1 में नाली निर्माण,आदर्श नगर गली नंबर 8 व 9 में सड़क निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्य शामिल हैं।

# अगले साल से मनाएंगे श्रीराम विजय दिवस, इस बार दहन करेंगे 101 फीट का रावण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

डब्ल्यूआरएस कॉलोनी दशहरा उत्सव आयोजन समिति का यह अंतिम आयोजन होगा। अगले साल से यहां दशहरे के दिन श्रीराम विजय दिवस मनाया जाएगा। इस साल डब्ल्यूआरएस कॉलोनी के दशहरा मैदान में 101 फीट का रावण व 70-70 फीट के मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले का दहण किया जाएगा। इससे पहले रामलीला का आयोजन होगा। उसके बाद आतिशबाजी की जाएगी।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए गुरुवार को रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, डब्ल्यूआरएस नेशनल क्लब के जी. स्वामी ने यह जानकारी दी। दशहरा मैदान में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने बताया कि इस वर्ष मुख्य अतिथि राज्यपाल रामेन डेकाजी होंगे, अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे तथा विशेष अतिथि प्रभारी मंत्री केदार कश्यप होंगे। साथ ही मंत्रिमंडल के सदस्य, रायपुर विधानसभा के सभी विधायक और सांसद बृजमोहन अग्रवाल मंचस्थ रहेंगे।

डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा दशहरा उत्सव मनाया जाता है। यहां दूर-दूर से लोग दशहरा उत्सव देखने आते है। आयोजन का यह आखिरी वर्ष है। डब्ल्यूआरएस दशहरा उत्सव आयोजन समिति पिछले 53 सालों से यह आयोजन करती रही है, लेकिन अगले साल से यहां श्रीराम विजय दिवस के रूप में दहशरा उत्सव मनाएंगे।

## डब्ल्यूआरएस दशहरा मैदान पर 70-70 फीट के मेघनाथ व कुंभकर्ण तैयार



### उत्सव का नाम बदलेगा, होगी भव्य आतिशबाजी

आयोजन वैसे ही होगा, जैसे पहले हुआ करते था, सिर्फ नाम बदला जाएगा। इसका उद्देश्य यह है कि जब हम सत्य पर विजय पा लेते है, तब उसे भव्य रूप में मनाते है। वैसे ही अगले साल से हम श्रीराम विजय दिवस के रूप में दशहरा उत्सव मनाएंगे। उसमें इस साल की अपेक्षा अगले साल से छत्तीसगढ़ की जनता को भव्य आतिशबाजी देखने को मिलेगी। वहीं भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मणजी, हनुमानजी की अच्छाइयों के बारे में भी लोग जान सकेंगे।



## व्यवस्था सुधारने 3 दिन की मोहलत

# पानी टंकियों से जलभराव की व्यवस्था गड़बड़ाई अपर आयुक्त ने अधिकारी को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर में पेयजल वितरण की व्यवस्था को लेकर निगम प्रशासन गंभीर नहीं है। शंकरनगर, दलदल सिवनी और सड्डू की पानी टंकी को 7 मीटर की जगह 3 से 4 मीटर भरा जा रहा है। इसके कारण शंकरनगर, विवेकानंद नगर, टैगोर नगर और एमआर कालोनी में पानी की समस्या से लोग परेशान हैं। सामान्य सभा में यह मुद्दा जोर-शोर से उठाया गया। इस पर संज्ञान लेते हुए अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल ने गुरुवार को फिल्टर प्लांट में जल प्रदाय योजना की समीक्षा बैठक ली। 3 पानी टंकियों के जलभराव में कोताही को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारी को फटकार लगाते हुए 3 दिन के अंदर व्यवस्था सुधारने की हिदायत दी है। गुरुवार को अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल ने भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट में जलप्रदाय योजना की समीक्षा करने बैठक ली। इस दौरान शहर की 3 पानी टंकियों में पर्याप्त मात्रा में जलभराव नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने फिल्टर प्लांट के प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया कि 3 दिन के अंदर शंकरनगर, दलदल सिवनी और सड्डू पानी टंकी में जल भराव व्यवस्था को ठीक किया जाए।



- शंकरनगर, दलदल सिवनी, सड्डू पानी टैंक को भरने में लापरवाही
- विवेकानंद नगर, एमआर कालोनी, टैगोर नगर में पानी की दिक्कत

### इंटकवेल में प्राकृतिक बहाव से पानी आना बंद, सिंचाई विभाग को लिखेंगे पत्र

अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल ने कहा कि वर्षा ऋतु समाप्ति के बाद प्राकृतिक बहाव से इंटेकवेल में पानी आना बंद हो गया है, इसलिए सिंचाई विभाग को पत्र लिखकर गंगरेल से नियमित रूप से डेम का पानी नदी के माध्यम से आपूर्ति कराई जाए। इसके लिए 250 क्यूसेक पानी फिल्टर प्लांट के लिए छोड़ा जाना सुनिश्चित करवाने निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने उन्हें अवगत कराया कि विगत दो माह से फिल्टर प्लांट, इंटेकवेल में विद्युत प्रवाह अचानक बार-बार बंद होने से पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। अपर आयुक्त ने विद्युत अवरोध की समस्या दूर कराने लिए सीएसईबी के अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखने निर्देशित किया।

### एलम, ब्लीचिंग पावडर का स्टाक खत्म

अपर आयुक्त यूएस गुप्ता ने फिल्टर प्लांट निरीक्षण के दौरान एलम एवं ब्लीचिंग पाउडर का पर्याप्त स्टॉक नहीं होने से इसे शीघ्र क्रय की कार्यवाही करने की हिदायत दी। इसी तरह स्मार्ट सिटी लिमिटेड की 24 घंटे जल आपूर्ति योजना के तहत जल आपूर्ति तत्काल शुरू करने स्मार्ट सिटी के इंजीनियर के साथ समन्वय स्थापित करने निर्देश दिये गये।

# बस स्टैंड दुर्गोत्सव मंच पर गुरुकुल की धूम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

गुरुकुल विद्यालय सुकुल पारा नवागढ़ के विद्यार्थियों द्वारा सार्वजनिक दुर्गात्सव मंच पर सोमवार को प्रस्तुति दी गई। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुवात की। विद्यालय संचालक राजेश धर दीवान ने मंत्री बघेल को पुष्प गुच्छ भेंट तथा तिरंगा बैज लगाकर स्वागत किया। मंच पर बच्चों द्वारा पंथी, कर्मा,गरबा,घूमर, राऊत नाचा, गौरा गौरी नृत्य, आदिवासी नृत्य,ओल्ड एज होम नाटक द्वारा अपने कला का प्रदर्शन किया गया। जिसका दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया।

छात्रा अकांशु नेताम द्वारा पुण्य श्लोका रानी अहिल्या बाई होलकर का अभिनय ने सबको प्रभावित कर दिया। वहीं ओल्ड एज होम नाटक ने सबकी आंखें नम कर दिया। मंत्री बघेल ने अपने उद्बोधन से बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए हमेशा ऐसा मंच देने का वादा किया। नगर की जनता को ऐसे कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने पर खुशी जाहिर किया।

- रानी अहिल्या बाई होलकर नाटक ने सबको को किया प्रभावित

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक पुरुषोत्तम साहू और रूपेंद्र सिन्हा ने किया। आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय संचालक राजेश धर दीवान ने कहा कि पांच साल बाद फिर बच्चों को ऐसा गौरवपूर्ण मंच मिला जिससे नवागढ़ के सभी विद्यालय और अभिभावक बहुत उत्साहित होकर इसका आनेद उठा रहे हैं, इसके लिए मंत्री जी का आभार जताया। कार्यक्रम की सफलता के लिए पूरा विद्यालय परिवार ने अपना योगदान दिया। इस कार्यक्रम में सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने में उड़ान एकेडमी नवागढ़ का विशेष योगदान रहा।

# बिजली के मीटर हो रहे स्मार्ट, छह सौ करोड़ के पुराने मीटर हो जाएंगे कबाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। अब तक दो लाख से ज्यादा पुराने मीटर बदल दिए गए हैं। प्रदेश के 54 लाख बिजली उपभोक्ताओं के मीटर बदले जाएंगे। प्रदेश में 60 लाख उपभोक्ताओं के घरों, व्यापारिक, सरकारी संस्थानों में जो इस समय डिजिटल मीटर लगे हैं, वो करीब छह सौ करोड़ के हैं। आने वाले समय में ये सारे मीटर कबाड़ हो जाएंगे। जहां पहले के लगे मीटर हजार रुपए के आस-पास के हैं, वहीं नए मीटर छह हजार के हैं। इनको लगाने पर करीब चार हजार करोड़ का खर्च आएगा।

बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शन में लगने वाले मीटर समय के साथ बदले जाते रहे हैं। सबसे पहले चकरी वाले मीटर लगते थे। इनको करीब डेढ़ दशक पहले डिजिटल मीटरों में बदलने का काम किया गया। डिजिटल मीटरों के कुछ साल पहले नए वर्जन आए तो इसके बाद छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इनको



लगाने का काम किया। कंपनी के अधिकारियों का कहना है, नए वर्जन वाले मीटर ज्यादातर नए कनेक्शनों में लगाए गए हैं। इसी के साथ जिनके मीटर खराब हुए उनके मीटर बदले गए। सभी मीटरों को नए वर्जन में नहीं बदला गया है। नए वर्जन में कुछ ज्यादा सुविधा है। जैसे इसमें छह माह की रीडिंग देखने की सुविधा है। इन मीटरों को लगाने पर पॉवर कंपनी के एक मीटर के हजार रुपए के हिसाब से करीब छह सौ करोड़ खर्च हुए हैं। इनकी कीमत भी उपभोक्ताओं से ली गई है। लेकिन अब जो नए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, उनकी कीमत उपभोक्ताओं से नहीं ली जा रही है।

### स्मार्ट मीटर में छह हजार का

अब लग रहे स्मार्ट मीटर की कीमत छह हजार रुपए है। चूंकि यह केंद्र सरकार की योजना है तो इसमें केंद्र सरकार से 15 प्रतिशत राशि यानी प्रति मीटर के लिए नौ सौ रुपए मिलेंगे, बाकी खर्च राज्य सरकार और पॉवर कंपनी को करना है। इस योजना में चार हजार करोड़ से ज्यादा का खर्च है। इतना खर्च एक साथ कर पाना पॉवर कंपनी के लिए संभव नहीं है, इसलिए इस योजना के लिए कंपनी ने ठेका दिया है। रायपुर संभाग का काम टाटा कंपनी और बाकी का जीनस कंपनी कर रही है। इन कंपनियों को दो साल के अंदर सभी मीटरों को बदलना है। कंपनियों के मीटरों के पैसे ईएमआई में मिलेंगे।

# नवरात्रि के मुहूर्त में 5 दिन में 22 करोड़ से ज्यादा की रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शारदीय नवरात्रि के मुहूर्त में इस बार 22 करोड़ रुपए से भी ज्यादा की रजिस्ट्री हुई है। नवरात्रि के पांच दिन के दौरान रायपुर पंजीयन कार्यालय में 1018 रजिस्ट्री हुई है, जो पिछले साल की तुलना में जरूर कम है, क्योंकि एक दिन की कमाई इसमें और जुड़ेगी। पंजीयन कार्यालय में गुरुवार को रजिस्ट्री से कितनी आय हुई है, इसका आंकड़ा विभागीय अधिकारियों ने एक दिन बाद देने की बात कही। अधिकारियों का कहना है कि इस नवरात्रि में प्रतिदिन औसतन 265 रजिस्ट्री हुई है, जिससे करीब साढ़े चार करोड़ रुपए प्रतिदिन रजिस्ट्री हुई है। इस तरह एक दिन की रजिस्ट्री का और आंकड़ा जोड़ें, तो कुल आंकड़ा संभावित 26 करोड़ रुपए से ज्यादा होगा है।

**नवरात्रि में इस बार 6 दिन ही खुला पंजीयन कार्यालय-** नवरात्रि में इस बार 3 दिन अवकाश में चले गए। 3 तारीख से शुरू हुई नवरात्रि के दो दिन बाद शनिवार और रविवार को अवकाश रहा, वहीं 11 अक्टूबर को महानवमी पर सरकारी अवकाश घोषित किया गया है। इस तरह इस बार नवरात्रि में 6 दिन ही पंजीयन कार्यालय खुला रहा। पंजीयन कार्यालय में जरूर 3 दिन अवकाश रहा, लेकिन इसके बाद भी अन्य दिनों में ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने वालों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में कम रही। पिछले वर्ष नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन तीन सौ रजिस्ट्री हुई थी।

### आंकड़ा संभावित 26 करोड़

नवरात्रि के शुभ मुहूर्त में 5 दिन में 22 करोड़ रुपए से ज्यादा की रजिस्ट्री हुई है। इसमें एक दिन रजिस्ट्री की आय और जुड़ेगी, जिससे आकड़ा संभावित 26 करोड़ या उससे ज्यादा भी हो सकता है।

- **विनोज कुमार कोचे,** पंजीयक, पंजीयन विभाग रायपुर

# अज्ञानता कब से है कोई नहीं बता सकता : पंडित रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला

ब्लॉक बेरला अंचल क्षेत्र के ग्राम तेलगा में विराजित दुर्गा सार्वजानिक दुर्गा समिति द्वारा नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया।

भागवत कथा चतुर्थ दिवस को कथा वाचक पंडित रोहित तिवारी ने भागवन विष्णु के वराह अवतार की कथा सुनाई तथा प्रसंग मनु एवं शतरूपा की उत्पति एवं भगवान विष्णु के वराह अवतार एवं धरती की खोज विषय पर प्रवचन दिया। उन्होंने कहा अज्ञानता कब से है ये कोई नहीं बता सकता ज्ञान कब प्राप्त हुआ ये सभी बता सकते है। मानव जन्म की गाथा उन्होंने सुनाई। मत्स्य पुराण सहित अन्य पुराणों का जिक्र करते हुए बताया कि मानव की उत्पति किस तरह से हुई उन्होंने बताया की मनु की संतान होने के कारण मानव कहा गया भक्तों ने भावविभोर होकर कथा सुनी। वहीं



ग्रामवासी भक्तों ने इस कथा का श्रवण किया। आयोजन समिति के सदस्य मुन्ना साहू, तुलाराम साहू, पप्पू सेन, कमल निषाद, पुरन पाटिल, झगर साहू, रामरतन सेन, सेसु रजक, आयुष निषाद, पंकज तिवारी, दौवा तिवारी, नरहर निर्मलकर समस्त आयोजन समिति के साथी सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024

12 दुर्गा अष्टमी पर माता की महाआरती हुई



10 अगले साल से मनाएंगे श्रीराम विजय दिवस, इस बार ...





B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# दुर्गाष्टमी पर किया हवन-पूजन और कन्या भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

नगर सहित ग्रामीण अंचलो में शुक्रवार को दुर्गाष्टमी पर सभी माता देवालयों व दुर्गा पंडालों में हवन पूजन के साथ पूर्णाहुति दी गई।

नव दिन चली नवरात्रि के पावन अवसर पर भक्तों ने उपवास रखकर अपनी भक्ति भावना को जागृत किया। हवन पूजन में नागरीकों ने हिस्सा लेकर सुख व समृद्धि की कामना करते हुए मां दुर्गा से आशीर्वाद मांगकर हवन में आहुतियां दी। इस अवसर पर सभी देवालयों व दुर्गा पंडालों में कन्या भोजन का आयोजन किया गया। नगर के प्राचीन मंदिर कुटीधाम मंदिर, शीतला मंदिर, महामारा मंदिर, माई मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, करमू चण्डी मंदिर, राष्ट्रीय दुर्गोत्सव समिति, खेतिहर मजदूर संघ दुर्गोत्सव समिति, मारवाड़ी दुर्गोत्सव समिति, मुल्लू चौक दुर्गोत्सव समिति, बस स्टैंड नव दुर्गा, राऊत पारा, केवट पारा, कुम्हार पारा जैसे स्थलों पर आज दुर्गाष्टमी पर विशेष हवन पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। 12 अक्टूबर को विजयदशमी के अवसर पर नगर पंचायत की ओर से वृहद रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। रावण दहन मैदान मेइसकी तैयारी अंतिम चरण में है।

■ आज मनाएंगे विजयदशमी रावण वध की तैयारी

आदमकद बांस व कागज से बनी रावण की मूर्ति तथा मिट्टी के रावण का परंपरागत रूप से ग्राम पटेल द्वारा दहन किया जायगा। इस प्रकार आज पूरी भक्ति भावना के साथ नवरात्री पर्व का अवशान हुआ।



## खबर संक्षेप

### कॉलेज में मना प्रवेशोत्सव



**गुरूर।** मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरुर में नव प्रवेशी छात्र–छात्राओं का प्रवेश उत्सव सीनियर छात्र–छात्राओं द्वारा किया गया। इसमें मुख्य अतिथि अधिवक्ता व जिला मंत्री कलार समाज जिला बालोद चंद्रहास सिन्हा थे। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डामिनी साहू ने की। विशेष अतिथि टीसी देवांगन, के मुरारी दास, प्रोफेसर डोमेश कुमार सिन्हा, उपासना गंजीर, प्रियंका साहू, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना दुर्गेश्वरी पटेल, मुरली कुमार सिन्हा आदि ने मां भारती सरस्वती माता, स्वामी विवेकानंद, भारत माता के चलचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नव प्रवेषित छात्र–छात्राओं का सीनियर छात्र–छात्राओं द्वारा स्वागत सत्कार किया गया, इसके पश्चात छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

### सम्मेलन में कवियों ने बटोरी तालियां



**गुण्डरदेही।** रानी दुर्गावती दुर्गा उत्सव समिति बाजार चौक गुण्डरदेही में दुर्गा उत्सव पंडाल में आंचलिक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। शुरुआत में कवि अशोक कुमार साहू ने छत्तीसगढ़ी और छत्तीसगढ़िया के सम्मान में कविता पाठ किया। विजय कुमार टंडन ने हर नागरिक को जागरूक होने का संदेश दिया। योगेश छत्तीसगढ़िया ने छोटे–छोटे व्यंग के माध्यम से लोगों को खूब हंसाया। जलज ताम्रकार ने गजल और गीत से महफिल में समां बांधे रखा। युवा कवि दिगेंद्र साहू ने कविता के माध्यम से रचनात्मक कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। थानमल जैन ने प्रेम और सौहाद्र के ऊपर अपनी कविता पढ़ी। संचालन कर रहे केशव राम साहू ने मातृशक्ति के सम्मान में कविता पढ़ी। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी सुरेश सोनी, दिनेश टावरी, महेश चांडक, प्रमोद जैन, अर्जुन सिंह तारम, लेखराम देवांगन, देवेंद्र राय, चमन सिन्हा, चुन्नीलाल ताम्रकार सहित नगरवासी उपस्थित थे।

**अपराध : पत्नी के साथ कोटवार के अवैध संबंध से क्षुब्ध था आरोपी**

# छुरी और गंडासा से गोदकर कोटवार की हत्या, आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

थान खम्हरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत समीपस्थ ग्राम बेलतरा में गत 9 अक्टूबर की रात धारदार हथियार से ग्राम कोटवार की हत्या करने वाले आरोपी पिता-पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में प्रयुक्त धारदार गड़ासा, गुफथीनुमा छुरी तथा मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया गया है। हत्या के करीब 10 घंटे बाद ही पुलिस को सफलता हासिल हो गयी थी। जांच में आपसी रंजिश व अवैध संबंध को लेकर पुलिस तहकीकात शुरू की थी जो आरोपी तक पहुंचने में आसानी हुई।

बेलतरा से प्रार्थी ठाकुर दास पिता स्व. बुद्धुदास मानिकपुरी के द्वारा पुलिस को सूचना पर 9 अक्टूबर को ग्राम बेलतरा का ग्राम कोटवार रोहित मानिकपुरी पिता स्व. बुद्धुदास मानिकपुरी उम्र 42 वर्ष का रात्रि 7 बजे घर से मोटर सायकल से निकला था जो सुबह 3 बजे तक वापस घर नहीं आने पर ग्रामवासियों के साथ पता तलाशी करने पर घोरी खार खेत के रास्ते में रोहित की मोटर सायकल खडी मिली। जिससे शासन द्वारा कोटवार रोहित मानिकपुरी को दिये गये खेत पर बने मकान के छत के ऊपर जाकर देखे कि कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा रोहित मानिकपुरी का धारदार हथियार से ताबड़तोड़ मारकर सिर चेहरा एवं शरीर मे चोट पहुंचाकर हत्याकर दिया गया है।

### 10 घंटों में हत्या के आरोपियों का सुराग पुलिस ने लगाया



### तंत्र मंत्र विद्या से मारने की योजना विफल

गौरतलब है की आरोपी ज्वाला मानिकपुरी को आशंका थी की कोटवार रोहित मानिकपुरी का उसकी पत्नी के साथ अवैध संबंध था जिसकी जहरखुरानी से चार माह पूर्व ही मौत हो गयी थी। तब से आरोपी क्षुद्ध होकर कोटवार को मारने तंत्र मंत्र का भी सहारा लिया फिर भी बात नहीं बनी तो योजनाबद्ध तरीके से सीधे हत्या को अंजाम दे दिया। पुलिस आरोपी के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (1) के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय मे पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में थाना थान खम्हरिया प्रभारी राजकुमार साहू, सउनि भगवान दास गंधर्व, प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र तिवारी, आरक्षक सुशील यादव, आरक्षक गौकरण मंडावी, जगतारण नारंग, साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, विनोद पात्रे आरक्षक सौरभ सिंह, मोती लाल जायसवाल, थाना प्रभारी साजा निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, आरक्षक अमित यादव, डॉग एक्सपर्ट आरक्षक नरेन्द्र कुमार लहरे की अहम भूमिका रही है।

### पंप हाउस की छत पर मिली थी लाश

सूचना पर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या का अपराध दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई थी। फॉरेंसिक एक्सपर्ट, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट तथा डॉग स्कार्ट, साइबर सेल एवं थाना थान खम्हरिया की पुलिस टीम तैयार कर मामले की गंभीरता से जांच करने पर घटना के चंद घंटो में हत्या के आरोपियों का पता सुराग लगाया गया एवं विवेचना पर पाया गया कि मृतक रोहित कुमार का ग्राम बेलतरा के ज्वाला मानिकपुरी पत्नि के साथ अवैध संबंध होने की संदेह था जिस पर ज्वाला सिंह एवं ज्वाला सिंह के पिता संतोष के द्वारा ग्राम कोटवार रोहित हमारे इज्जत उछाल रहा है सोच व रंजिश रखते रहे और दिनांक 9 अक्टूबर को रात्रि मे जब मृतक अपने खेत में बने पंप हाउस मकान के छत में बैठा था। उसी दौरान संतोष मानिकपुरी एवं अपने पुत्र ज्वाला सिंह के साथ जाकर रोहित मानिकपुरी को गुप्तीनुमा धारदार छुरी से एवं ज्वाला द्वारा लोहे की बनी गडासा से रोहित को मारकर हत्या कर दिया गया। आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त गुप्तीनुमा छुरी तथा गडासा को बरामद किया गया है। तथा आरोपी व पिता को हिरासत मे लिया गया।

# धान खरीदी कर किसानों को लाखों का चूना लगाने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा/नवागढ

क्षेत्र के किसानों से छल कपट धोखाधड़ी कर करीबन 21 लाख रुपए से अधिक का धान और राहर खरीद कर पैसा न देकर फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने आप को मंडी अध्यक्ष राजनांदगांव बताकर किसानों से धोखाधड़ी कर धान खरीदी किया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे नकदी 5 हजार रुपए एवं दो चारपहिया वाहन जब्त किया है।

दरअसल 27 जुलाई को मनीष साहू पिता गोपाल साहू उम्र 23 साल निवासी ग्राम नेवसा ने थाने में जित्तू साहू और लीला राम साहू के खिलाफ शिकायत किया था। जिसके अनुसार 21 जनवरी को 3100 रुपए क्विंटल के दर से 165 बोरी धान, 30 जनवरी को 300 बोरी धान 3100 रुपए की दर से, 4 फरवरी को 404 बोरी धान 3100 रूपये की दर से, 27 फरवरी को 157 बोरी राहर 13,000 रुपए प्रति क्विंटल की दर से कुल 21,04,300 रुपए की खरीदी किया था।

खरीदे धान व राहर की रकम मांगने पर गालीगलौज कर टालमटोल करता था। इसके अलावा जित्तू साहू और लीला राम साहू ने ग्राम नेवसा, गोपालभैना व रिसाअमली के अन्य किसानों से भी बेइमानी से राहर व धान खरीदा था। उन्हें भी भुगतान नहीं किया था।



पुलिस ने उनके खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज किया था।

पुलिस को पतासाजी के दौरान मुखबिर से सूचना मिला कि आरोपी लीलाराम साहू उरकुरा थाना खमतराई है। नवागढ़ पुलिस की टीम उरकुरा से आरोपी लीलाराम साहू को पकड़ा। आरोपी से पूछताछ कर उसके कब्जे से किसान से धोखाधड़ी कर खरीदे धान की बिक्री रकम से मात्र 5000 रुपए तथा घटना में प्रयुक्त दो चार पहिया वाहन क्रमांक सीजी 04 पीजे 6920 एवं सीजी 25 एम 5071 को जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 419 पृथक से जोड़ी गई है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया।

### इनकी रही अहम भूमिका

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी नवागढ़ उपनिरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी, सहायक उप निरीक्षक मोहन लाल साहू, आरक्षक महेन्द्र वर्मा एवं अन्य स्टाफ की अहम भूमिका रही।

# दर्जनों लोगों ने शिविर में भाजपा की सदस्यता ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधायक दीपेश साहू के नेतृत्व में नगर के प्रसिद्ध माँ भद्रकाली मंदिर प्रांगण में नागरिकों को परिसर में शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया। दर्जनों लोगों ने शिविर में पार्टी की सदस्यता ली। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा कि सदस्यता अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है।

ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़कर संगठन को मजबूत बनाना है। और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के हाथ को मजबूत करना है 1 कार्यकर्ता हर मोहल्ले, हर गांव, हर घर में जाकर पार्टी की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को दें



जिससे सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ आम नागरिकों को मिल सके। उन्होंने लोगों से विकसित भारत बनाने के लिए भाजपा से जुड़ने की अपील की। साथ ही विधायक साहू ने कार्यकर्ताओ से कहा की अधिक से अधिक संख्या में आम नागरिकों क्व बीच पहुंचकर शासन की योजनाओं की जानकारी पहुंचाएं जिससे आमनागरिक भारतीय जनता पार्टी की योजनाओं तक जुड़ सके और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पा सके। इस दौरान शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, धर्मेंद्र साहू, योगेश वर्मा, संतोष वर्मा, विनय साहू, राजू देवांगन, परमेश्वर साहू, रेवाराम निषाद,गोपी देवांगन दीनानाथ साहू, बिरेंद्र साहू, देवराम साहू, सावित्री रजक, राजीव तम्बोली, उमेशवरी साहू, लक्ष्मी साहू, हेमलता नेमा, ओमकार साहू, लक्ष्मीनारायण यादव, मीनू पटेल, हेमलता शर्मा, शेखर देवांगन, राहुल साहू उपस्थित रहे।

# हिंसा और बाल विवाह से सुरक्षा में आने वाली असमानता के प्रति जगरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिले के सभी परियोजना और आंगनबाडी केन्द्रों में 2 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कड़ी में ग्राम बहिगा बेरला के दुर्गा पंडाल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन वेद भारती पर्यवेक्षक देवरबीजा-1 एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा, पोषण कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल, भेद-भाव, हिंसा और बाल विवाह से सुरक्षा में आने वाली असमानताओं के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस आयोजन में बालिकाओं के बीच स्थानीय नृत्य प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें बालिकाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। बालिकाओं का प्रस्तुति मुख्यतः बेटी बचाओ बेटी पढओं विश्य पर आधारित रहा, बालिकाओं को पुरुस्कृत किया गया। उपस्थित जन समुदाय को राखी सादव केन्द्र प्रशासक सखी वन स्टॉप सेंटर



गहिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर योजना के बारे में विस्तार से जानकारी साझा किया गया तथा संगिनी दीदी के गोठ योजना के तहत विशोरी बालिकाओं को शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य, मासिक धर्म, बाल विवाह, 181 महिला हेल्प लाईन नंबर 1098 बाइल्ड हेल्पलाईन नंबर की जानकारी दी गई। सरिता शर्मा केस वर्कर द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं संकटग्रस्त महिला सखी से किस प्रकार सहायता ले सकती है के बारे में जानकारी दिया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। उक्त कार्यकम में गांव की सरपंच कुमारी बाई निषाद एवं गांव की महिलाएं, किशोरी बालिकाएं, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका उपस्थित रही।

### भालूकोन्हा में धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व

**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम भालूकोन्हा में बड़े ही धूमधाम से दशहरा पर्व मनाया गया। इस दिन मां दुर्गा द्वारा महिषासुर का वध किया था। मां दुर्गा ने लगातार 9 दिन तक महिषासुर और उसकी सेना से युद्ध किया था। युद्ध के दसवें दिन मां दुर्गा ने महिषासुर का वध कर विजय प्राप्त की थी। इसी वजह से विजयदशमी भी कहा जाता है, इस दिन को धूमधाम से दशहरा के रूप में मनाया जाता है। इसी अवसर पर ग्राम भालूकोन्हा में रावण का पुतला दहन कर बड़ी धूमधाम से दशहरा पर्व मनाया गया। जिसमें ग्राम के गुमान सिंह कोसमा, अंकालूराम, जालम सिंह, दीपक, तरुण, सरोज, संतराम, रामदेव यादव, चरण, सुंदर, सुखचैन, नसीब राम, बृजलाल, सियाराम ताराचंद जनक मनीष कुमार दिनेश्वर साहू एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

**युद्ध के दौरान भिड़ेंगी राम और रावण की सेना**

# मटिया में आज 50 फीट का जलेगा रावण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

मटिया (बारगांव) में विजयादशमी पर्व पर रावण वध को लेकर 50 फीट का रावण बनकर तैयार हो चुका है। अब रावण को सिर्फ बाहरी आवरण पहनाने का ही काम बचा हुआ है। शनिवार को मटिया में दशहरा पर्व मनाया जायेगा। स्थानीय लोग उत्साहित है और बेसब्री के साथ विजयदशमी के समय रामलीला नाट्य मंचन को देखने का इंतजार कर रहे हैं।

■ 52 वर्ष से लगातार संयोजक राजेंद्र वर्मा के मार्गदर्शन में हो रहा आयोजन

आयोजन के संयोजक राजेंद्र वर्मा ने बताया कि वे बड़े बुजुर्गों, महिलाओं के आशीर्वाद व युवा साथियों की उत्सुकता से ही यह आयोजन करा पाना संभव है। गांव की उत्सुकता ही वह अपना खुशी मानते हैं। विगत 1972 से मटिया में प्रतिवर्ष रावण का पुतला दहन किया जाता है और



रामलीला नाट्य मंचन भी किया जाता है। उन्होंने बताया कि मटिया का दशहरा आसपास क्षेत्र में चर्चित है। समिति के संयोजक राजेंद्र वर्मा ने बताया कि यह आयोजन पूरी तरह से गांव के युवा साथियों पर निर्भर है। पुतला के लिए बांस काटने से लेकर उसे बांधने और ढांचा तैयार करने में युवा तन मन से एकजुट होकर सहयोग करते है। रावण वध के दौरान सुरक्षा के मानक को पूरा किया जाता है, साथ ही साथ भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए वॉलेंटियर भी तैयार रहते है।

समिति के सदस्य राजेंद्र यादव ने बताया कि रावण वध के दौरान भव्य आतिशबाजी होगी. जिसमे कई तरह के बम और पटाखे लगाए जा रहे है। वहीं समिति के सभी पदाधिकारियों के साथ-साथ आसपास क्षेत्र के जनता से इस रावण वध कार्यक्रम में शामिल होकर भव्य आतिशबाजी का आनंद उठाने का आह्वान किया है।

आयोजन की तैयारी में तुकाराम साहू, तेजराम विश्वकर्मा, शिव यादव, धर्मेंद्र पटेल, सतीश यादव, देवेंद्र वर्मा, सनत चौधरी, कमलेश पटेल, बोसेन्द्र पांडेय, छन्नू निषाद, माखन निषाद, बसावन साहू, साधु साहू, टोपसिंह साहू, धर्मेंद्र साहू, टूम्मन पाटिल, नरसिंह साहू, त्रिलोक साहू, प्रेमलाल साहू, गुड्डू साहू, धनेश साहू, राम रावत, ललित यादव, महेंद्र ध्रुव, मनीराम निर्मलकर, अशोक साहू, कामता साहू, गोकुल साहू, उदे निषाद, शंकर सेन, मुकेश निषाद सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### जु- जित्सू मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों को मिली मैट

**बालोद।** जु जित्सू मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों द्वारा लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक जीतकर बालोद जिले एवं छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रौशन किया जा रहा है। खेल की गतिविधियों में सुविधा बढ़ाने जु जित्सू एसोसिएशन ऑफ़ बालोद के अध्यक्ष कमलेश सोनी द्वारा खेल विभाग को जूडो मैट की मांग लगातार की जा रही थी।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

पाठक सूचना
देवकर एवं आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में
हरिभूमि समाचार पत्र की प्रतियां
समाचारों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
नवीन ताम्रकार
संवाददाता, देवकर
ताम्रकार न्यूज एजेंसी
पता : महावीर चौक, देवकर
मो. 9893509468

## खबर संक्षेप

### चाकू से जानलेवा हमला फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में पिछले महीने मामूली बात में चाकू से जानलेवा हमला करने के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पवित्रो यादव तथा उसके साथियों पर आपसी रंजिश के चलते चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में सुमेध कुमार हुमने उर्फ सुमेर को गिरफ्तार किया है। सुमेध ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 24 सितंबर को पवित्रो तथा उसके अन्य साथियों पर संत ज्ञानेश्वर स्कूल मैदान के पास चाकू से हमला किया था।

### मुख्य मार्ग से हटाये ठेला-गुमटी

**रायपुर।** नगर निगम अमले ने अमलीडीह मुख्य मार्ग में सड़क घेरकर लगाये गये ठेलों, गुमटियों को हटाने अभियान चलाया। इस दौरान दुकानों में डस्टबिन नही रखने और कचरा फैलाने वालों से जुर्माना वसूला गया। स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही जोन 10 के जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान राजभोग रेस्टोरेंट में गंदगी पाये जाने और सड़क मार्ग पर पार्किंग करने पर 15 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।

पर्व : नवरात्रि की पूर्णाहुति, ज्योति कलशों का किया गया विसर्जन

# दुर्गा अष्टमी पर माता की महाआरती हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शारदीय नवरात्रि पर्व के अष्टमी तिथि में विभिन्न देवी मंदिरों एवं मूर्ति स्थापित पंडालों में शुभ मुहूर्त पर यज्ञ के साथ पूर्ण आहूति और महाआरती हुआ तदुपरांत प्रसाद का वितरण किया गया।

शुक्रवार क्वांर नवरात्रि के अष्टमी पर्व पर जिला मुख्यालय सहित विभिन्न ग्रामीण और नगरीय निकाय क्षेत्रो मे स्थित विभिन्न देवी मंदिरों में विधि विधान के साथ आचार्यों के सानिध्य में माता की पूजा अर्चना कर यज्ञ हवन किया गया और अंत में महाआरती के साथ पूर्णाह किया गया है। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण देर रात तक होता रहा। शारदीय नवरात्रि पर्व के अष्टमी के दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं जनों का महामाया, शीतला, भद्रकाली, बमलेश्वरी, दुर्गा काली सिद्धि कालिका मंदिर सहित विभिन्न चौक- चौराहे पर स्थापित देवी मां की मूर्ति का दर्शन करने के लिए आने का क्रम प्रारंभ हो गया था, जहां पर श्रद्धालुओं के द्वारा



महाष्टमी पर माता के आशीर्वाद लिए। वहीं कई श्रद्धालुओं ने महा अष्टमी पर्व पर अठवाही चढ़ाया गया, इसके अतिरिक्त श्रद्धालुओं के द्वारा माता के सिंगार के विभिन्न सामग्री सहित श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद लिए यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। इसी बीच विभिन्न शुभ मुहूर्त आचार्य के सानिध्य पर माता की पूजा अर्चना एवं विभिन्न वैदिक मंत्रों के साथ माता की विशेष पूजा किया गया तदुपरांत हवन हुआ और पूर्णाहुति के बाद महा आरती की गई इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले जस गीत समिति मंडली के द्वारा भक्ति भाव और बाजे गाजे के साथ जस गीत भी प्रस्तुत किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की उपस्थिति बनी रही। वही जो जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों सहित नगर के विभिन्न घरों में श्रद्धालुओं के द्वारा व्यक्तिगत रूप जोत जवारा स्थापित किया गया था जिसका भी विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर हवन पूजन किया गया जिसका विसर्जन नवमी के दुसरे दिन को सुबह गाजे-बाजे के साथ किया जाएगा।



### मां कारों कन्या मंदिर में हुआ विशाल भंडारा

**बेमेतरा।** विधानसभा के बेरला स्थित मां करोंकन्या मंदिर में महाअष्टमी के पावन पर्व पर भव्य हवन और विशाल भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा के किसान नेता योगेश तिवारी ने मुख्य भूमिका निभाई। इस दौरान श्री तिवारी ने मां कारों कन्या मंदिर में पूजा अर्चना की और नौ कन्याओं को विशेष रूप से भोजन करवाया। इसके बाद उन्होंने सभी भक्तों को प्रसाद वितरण कर भंडारे की शुरुआत की। तिवारी ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लें और समाज में एकता और भाईचारा बनाए रखें। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिनमें बलदाऊ प्रसाद शर्मा, राजू लाल जैन, बृजभूषण ताम्रकार, किसन साहू, मनोज साहू, खुमान सिन्हा, द्वारिका पॉल, सुनील जैन, अमृत महेश्वरी, राजू तिवारी, अरुणा साहू सहित अन्य प्रमुख लोग शामिल हुए।

■ कार्यक्रम में शामिल हुए योगेश तिवारी



### सुरहोली में नव कन्याओं को कराया भोज

**बेरला।** ब्लॉक बेरला अंतर्गत ग्राम सुरहोली में शारदीय नवरात्रि के दुर्गाष्टमी पर मां शीतला मंदिर में नव कन्याओं को भोजन कराया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां शीतला मंदिर में विगत कई वर्षों से मनोकामना दीप प्रज्ज्वलित किया जाता है। इस शारदीय नवरात्रि में 48 मनोकामनाएँ ज्योति प्रज्जलित किया गया था। जिसमें समस्त ग्राम वासियों ने नव दिन तक पूजा अर्चना कर गांव में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना करके नव कन्याओं को भोजन करवा कर भेट अर्पण कर नव कन्याओं का विदाई किया। जिसमें पुजारी चंद्रशेखर चौबे, पंडा राकीराज वर्मा, शेखचंद साहू, ग्राम बैगा गुनित राम पाटिल मां शीतला मंदिर के अध्यक्ष प्रहलाद वर्मा जनसेवक, सचिव पप्पू वर्मा, कोषाध्यक्ष महेश तिवारी, बृजेश शर्मा बेरला राजेश साहू, डालेंद्र चौहान, रज्जू वर्मा, राजकुमार वर्मा, गोलू वर्मा, सूरज वर्मा, तुषार वर्मा, कुणाल वर्मा, आशाराम पाटिल, लच्छी राम साहू, सूरज साहू, प्रमिला, लीला वर्मा एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# नवरात्रि की पूर्णाहुति पर हलवा-पूरी बांटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शहर के मानपुर वार्ड नंबर 2 स्थित शिव मंदिर दुर्गा उत्सव समिति द्वारा अष्टमी के अवसर हवन पूजन कर प्रसाद के तौर में हलवा व पूरी का जहां वितरण किया। वहीं महाभंडारा का आयोजन भी किया गया। वार्ड व राहगीरों ने भोज के रूप में प्रसाद ग्रहण किए।

समिति के नेमसिंह वर्मा ने बताया कि शिव मंदिर दुर्गोत्सव समिति का यह दूसरा वर्ष है और प्रत्येक वर्ष महा भंडारा का आयोजन किया जाता है जिसमें जिसमें सभी समिति के सदस्य लोग अपना सहयोग देते हैं ओर और सभी सदस्य पूजा अर्चना होने के पश्चात शाम को जस गीत सेवा गाते हैं। जिससे भक्तगण बड़ी संख्या में उपस्थित होते हैं। महाभंडारा एवं हवन के दौरान अध्यक्ष विजय वर्मा तरूण वर्मा, सचिव नेमसिंह वर्मा, सह सचिव सोनु वर्मा व रामखेलावन सिन्हा व शांती वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, मिथलेश वर्मा, उमेन्द वर्मा, खेलन सिन्हा, रामप्रसाद वर्मा, लेखु वर्मा, भोला साहू, शनि वर्मा, राजु वर्मा, मनिष वर्मा, लखन वर्मा, मन्नु वर्मा चंद्र प्रकाश सिन्हा , संतोष वर्मा, संतोष वर्मा, रामाधार साहू, बड्डे यादव, सुरेश तिवारी, दिपक पाण्डेय, छोटु श्रीवास्तव, मोनु यादव, ओमप्रकाश वर्मा, रवि वर्मा, बिजु वर्मा, घनश्याम वर्मा, संतराम वर्मा कौशल वर्मा, टेमचंद वर्मा, दुष्यंत वर्मा, शरद वर्मा अज्जु वर्मा, सुरज वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, रोहित सिन्हा, तुषार सिन्हा, चुरामनी साहु, तोषण साहू, माखन वर्मा, लेखु वर्मा, विजय वर्मा संतोष, शिव कुमार सिन्हा, मुरली साहु शामिल रहे।

■ जसगीतों में माता की महिमा का किया वर्णन

### सूने मकान में तोड़फोड़

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने चाचा के सूने मकान में चोरी करने की नीयत से घर में तोड़फोड़ करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, डगनिया निवासी महेश साहू ने शिकायत दर्ज कराई है। महेश ने पुलिस को बताया कि उसके चाचा का मकान रोहिणीपुरम में है। उसके चाचा भोपाल गए हुए हैं।







